# कार्यालय जिलाधिकारी देहरादून।

संख्या 154/सी0आर0ए0/2025-26 दिनांक 22 जनवरी, 2026

तहसीलदार,
सदर देहरादून।

विषय :- **प्रबन्धक, आई0आई0एफ0एल0, शाखा बल्लूपुर रोड, देहरादून के विरूद्ध वसूली प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।**

उपरोक्त विषयक श्रीमती ज्योति पत्नी स्व0 दान सिंह, निवासी- पुल नं0 01, तुलाराम बस्ती, नवाबगढ़, तहसील व थाना विकासनगर, देहरादून द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिनांक 13.01.2025/27.11.2025 इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसमें उल्लेख किया गया है कि प्रार्थिनी के पति द्वारा आई0आई0एफ0एल0 बैंक से वर्ष 2021 में 17,26,874/- का लोन लिया गया था, जिसकी किस्तों का भुगतान प्रार्थिनी के पति द्वारा समय पर किया जाता रहा है, परंतु दिनांक 10.08.2023 को प्रार्थिनी के पति की हृदय गति रूक जाने के कारण मृत्यु हो गयी। प्रार्थिनी के पति की मृत्यु के पश्चात् परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गयी, जिस कारण प्रार्थिनी बैंक लोन की किस्त जमा नहीं कर पायी और बैंक कर्मचारियों द्वारा प्रार्थिनी के साथ घर आकर शेष रही किस्तों के संदर्भ में बदसलूकी की जाने लगी। प्रार्थिनी द्वारा आई0आई0एफ0एल0 बैंक द्वारा दिनांक 26.10.2023 को बजाज एलासेंस इंश्योरेंस कम्पनी से क्लेम धनराशि के रूप में रू0 14,61,375/- प्राप्त किये जा चुके है और रू0 39470 नकद प्रार्थिनी द्वारा और रू0 271278/-रूपयें पूर्व में प्रार्थिनी के पति द्वारा किस्तों के रूप में अदा किए जा चुके है बावजूद इसके बैंक वाले प्रार्थिनी की जमीन के कागज वापस करने के लिए 2 लाख रूपये और मांग रहे है, जिस कारण प्रार्थिनी व उसकी दोनों पुत्रियां मानसिक तनाव में है, और बैंक कर्मचारियों द्वारा की गयी प्रताड़ना के कारण भयभीत है तथा प्रार्थिनी द्वारा जमीन के कागज वापस दिलाने तथा बकाया लोन माफ करवाने का अनुरोध किया गया है।

अतः प्रार्थिनी के पत्र की प्रति मय् संलग्नको सहित इस इस आशय के साथ प्रेषित है कि जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में श्रीमती ज्योति पत्नी स्व0 दान सिंह, निवासी- पुल नं0 01, तुलाराम बस्ती, नवाबगढ़, तहसील व थाना विकासनगर, देहरादून द्वारा लिये गये लोन मु0-2,00,000/- (रू0 दो लाख मात्र) की वसूली प्रबन्धक, आई0आई0एफ0एल0, शाखा बल्लूपुर रोड, देहरादून से भू-राजस्व की बकाया की भाँति करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक-यथोपरि।**

प्रभारी अधिकारी, संग्रह
कृते जिलाधिकारी,
देहरादून।

**प्रतिलिपिः-** 1-जिलाधिकारी देहरादून महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2- श्रीमती ज्योति पत्नी स्व0 दान सिंह, निवासी- पुल नं0 01, तुलाराम बस्ती, नवाबगढ़, तहसील व थाना विकासनगर, देहरादून को सूचनार्थ ।

प्रभारी अधिकारी, संग्रह
कृते जिलाधिकारी,
देहरादून।

Scanned with CamScanner